EPS-03

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

(BDP)

आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन (EPS-03)

सत्रीय कार्य 2025

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

पाठ्यक्रम कोड : EPS-03
सत्रीय कार्य कोड : EPS-03/Asst/TMA/2025

सत्रीय कार्य

प्रिय छात्र/छात्राओं,

आपको राजनीती विज्ञान संकाय के 8 क्रेडिट के वैकल्पिक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य पूर्ण करना होगा। यह एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर प्रत्येक विशिष्ठ भाग के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये, इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने के सतत् अभ्यास से आपको सत्रांत परीक्षा के लिए बेहतर उत्तर लिखने में मदद मिलेगी।

इस सत्रीय कार्य का निर्माण यह ध्यान रखकर किया गया है कि आप विभिन्न श्रेणियों के उत्तर लिख सकें। यह सत्रीय कार्य तीन भागों में विभाजित है। भाग I में 20–20 अंकों के दो वर्णनात्मक प्रश्न हैं। वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न अर्थात आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। यहां पर जांचकर्ता का प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ–जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

भाग II में 12–12 अंकों के चार प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर सटीक और संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। जांचकर्ता आपके विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की, विभेदन, तुलना और इसके विपरीत क्षमता की जांच करेंगे।

भाग III में 6–6 अंको के दो प्रश्न हैं। इन प्रश्नों का उद्देश्य व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए है।

प्रस्तुतीकरण : सभी सत्रीय कार्यों को अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास सत्रांत परीक्षा से दो महीने पहले जमा करने होंगें।

जून, 2025 के सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को 31 मार्च, 2025 तक यह सत्रीय कार्य जमा करना होगा। दिसम्बर, 2025 की सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को 30 सितम्बर, 2025 तक यह सत्रीय कार्य जमा करना होगा।

अगर आपने इस पाठ्यक्रम के लिए पहले ही सत्रीय कार्य जमा कर दिया है और उसकी जांच के उपरांत उसे विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग को भेज दिया है तब आपको इस सत्रीय कार्य को जमा करने की जरूरत नहीं है।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्रक्षेत्रीय केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्रक्षेत्रीय केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन (EPS -03)
अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : EPS-03
सत्रीय कार्य कोड : EPS-03/Asst/TMA/2025
अंक : 100
महत्व : 30%

सभी प्रश्नों के उत्तर दें। अपने शब्दों में उत्तर देने की कोशिश कीजिए।

भाग – एक

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में (प्रत्येक) दीजिए।

1. आरम्भिक 19वीं शताब्दी में भारत की अर्थव्यवस्था में ब्रिटिश औपनिवेशिक हस्तक्षेप की चर्चा कीजिए। 20
2. 19वीं शताब्दी में धर्म और समाज का तार्किक आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। 20

भाग – दो

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में (प्रत्येक) दीजिए।

3. आरम्भिक 19वीं शताब्दी में सामाजिक सुधार विचारधारा की वृहद् रूपरेखा की चर्चा कीजिए। 12
4. बाल गंगाधर तिलक के आर्थिक विचारों का परीक्षण कीजिए। 12
5. जाति व्यवस्था और अपनिवेशवाद पर एक लेख लिखिए। 12
6. औपनिवेशिक भारत में जनजातीय आंदोलनों का पता लगाइये। 12

भाग – तीन

निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 100 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

7. धार्मिक कल्पना और प्रतीकवाद 6
8. 'हिन्द स्वराज' 6

....